प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 14.05.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज नागौर और जोधपुर जिले के दौरे पर है। जोधपुर पंहुचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनकी अगुवाई की। मुख्यमंत्री के साथ केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे। इसके बाद श्री सिंह नागौर के मेड़ता सिटी पंहुचे। उन्होंने वहां मेडता के संस्थापक रावदूदा की 15 फीट ऊंची प्रतिमा के अनावरण किया। इसके बाद वे जनसभा को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री वापस जोधपुर जायेंगे। वे वहां रातानाडा में पूर्व उपराष्ट्रपति और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत के प्रतिमा अनावरण समारोह में भाग लेंगे।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज डूंगरपुर के दौरे पर है। राज्यपाल बोरी स्थित गुरुकुल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन संस्थान पंहुचे। वहां वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत आयोजित महिला प्रशिक्षणार्थियों के कार्यक्रम में भाग ले रहे है। उनका जनजाति क्षेत्र में कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित आशीर्वाद समारोह में भी शिरकत करने का कार्यक्रम है।

0000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने एक आदेश जारी कर प्रो. कैलाश डागा को उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलगुरु पद पर और प्रो. मदन सिंह राठौड को भरतपुर के महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के कुलगुरू पद पर नियुक्त किया है। श्री बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है।

0000

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने नीट–यूजी 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले में चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मंगिलाल बिवाल, दिनेश बिवाल, हरियाणा निवासी यश यादव और विकास के रूप में हुई है। चारों को जयपुर से गिरफ्तार कर कल मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। बाद में उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लेकर पूछताछ के लिए दिल्ली भेज दिया गया। जांच अधिकारियों के अनुसार, आरोपी यश यादव और विकास ने पहले सीकर जिले के एक कोचिंग सेंटर में साथ पढ़ाई की थी। सीबीआई अब कोचिंग संस्थानों, बिचौलियों, छात्रों और आरोपियों से जुड़े अन्य व्यक्तियों के बीच संभावित संबंधों की जांच कर रही है। इस बीच, जांच का दायरा और बढ़ गया है। एजेंसी उन आरोपियों के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों की भूमिका की भी जांच कर रही है जिन्होंने हाल ही में नीट परीक्षा उत्तीर्ण की है और मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त किया है। सीबीआई की एक टीम सीकर में और नेटवर्क से जुड़े कई लोगों से पूछताछ कर रही है।

0000

ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिन की बैठक आज से नई दिल्ली में शुरू हुई। इसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर कर रहे हैं। बैठक में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री तथा सदस्य और भागीदार देशों के शिष्टमंडल प्रमुख भाग ले रहे हैं। भारत की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्ष का विषय है–लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण। इस अवसर विदेश मंत्री ने कहा कि तकनीकी प्रगति, वैश्विक परिदृश्य को नया आकार दे रही है और इसका उपयोग सुशासन तथा समावेशी विकास के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ सहयोग मजबूत करने को लेकर भी साझा हित जुडे हैं। डॉ. जयशंकर ने भागीदार देशों को उनकी उपस्थिति और सहयोग मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया।

0000

भरतपुर में केंद्रीय सरसों अनुसंधान केंद्र की ओर से किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में जानकारी दी गई। अनुसंधान निदेशालय के निदेशक डॉ विजय वीर सिंह ने किसानों को बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से खेत की मिट्टी में उपलब्ध नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, जैविक कार्बन तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों की स्थिति की जानकारी मिलती है। शिविर में किसानों को उन्नत उन्नत तकनीकी राई सरसों की उन्नत किस्म, मिट्टी परीक्षण, बागवानी फसलों के प्रबंधन, जैविक खेती तथा एकीकृत कृषि प्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई।

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की पूरक परीक्षाएं आज से शुरू हो गई है। 16 मई तक चलने वाली इन परीक्षाओं का आयोजन प्रदेश के 167 केंद्रो पर हो रहा है। परीक्षा में चालीस हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे है। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए बोर्ड प्रशासन ने पुख्ता व्यवस्थाएं की है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और हीटवेव के असर से जनजीवन प्रभावित है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के पांच शहरों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। फलौदी प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान करीब 47 डिग्री और न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि वर्तमान में राज्य के दक्षिण–पश्चिमी और पूर्वी भागों में अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। विभाग ने आज बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि 13 जिलों में लू चलने की चेतावनी दी गई है। विभाग ने लोगों को दोपहर के समय घरों से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और सतर्क रहने की सलाह दी है।

0000

आकाशवाणी के 90 वर्ष सफलापूर्वक पूरे होने के उपलक्ष्य में आज आकाशवाणी जैसलमेर की ओर से गडिसर तालाब से कार्यालय परिसर तक वॉकेथॉन का आयोजन किया गया। वॉकेथॉन को जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी ने रवाना किया। वॉकेथॉन में आकाशवाणी के सभी कर्मचारियों, शहर के प्रबुद्धजन और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

0000